an>

Title: Need to prevent wastage of food crops.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान)

मैंडम, मैं बिहार का नहीं बल्कि हरियाणा की बात करना चाहता हूं। ...(व्यवधान) न्यूज पेपर और मीडिया में लगातार यह समाचार चल रहा है कि वहां खुला अनाज, सांधी में हजारो टन अनाज खुले आसामान में पड़ा है और किसान मंडी में ट्रैक्टर्स से सामान ले जा रहे हैं, उनकी गांड़ी मंडी में फंस रही है और वहां से ट्रैक्टर्स 8-10 दिन में निकल रहे हैं।...(व्यवधान) उसी तरह से हरियाणा के नारनौंद में भी गेहूं काफी जमा हो गया है,...(व्यवधान) वहां आवागमन में दिक्क्त हो रही है।...(व्यवधान) उसी तरह से महाराÂष्ट्र में प्याजों का लागत मूल्य किसानों को नहीं मिल रहा है।...(व्यवधान)

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि किसानों के द्वारा उपजाये गये अनाज को हिफाजत से रखना भी सरकार का दायित्व है। इसलिए मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उस ओर विशेष ध्यान दे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री कौशलेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।